प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिये नामांकन भरने का आज अंतिम दिन–इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।
- देश में स्वच्छता को संस्थागत बनाने के उद्देश्य से इस साल दो से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 5.0 चलाया जाएगा।
- आरजीएचएस की मजबूती के लिए राज्य सरकार ने दिशा निर्देश जारी किये–चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी सौंपी।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–आज जयपुर, अजमेर, नागौर और आसपास के क्षेत्रों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट।

........................

उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिये नामांकन भरने का आज अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच कल होगी। 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। चुनाव 9 सितंबर को होगा। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी आज अपना नामांकन भरेंगे। इससे पहले कल सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की ओर से प्रत्याशी सी पी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद की दावेदारी के लिए पर्चा भरा था।

........................

देश में स्वच्छता को संस्थागत बनाने के उद्देश्य से इस साल दो से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 5.0 चलाया जाएगा। केन्द्रीय कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में ये अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान दो चरण में चलाया जायेगा। तैयारी वाला पहला चरण 16 से 30 सितंबर तक और कार्यान्वयन वाला दूसरा चरण दो से 31 अक्टूबर तक चलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह अगले महीने विशेष अभियान 5.0 का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में सरकार ने कल एक बैठक भी की, जिसकी अध्यक्षता प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने की। इसमें डाक, कोयला, शिक्षा और संस्कृति मंत्रालयों सहित 84 मंत्रालयों और विभागों के दो सौ से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

........................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए में शामिल बिहार के नेताओं के साथ चर्चा के बाद उन्होंने यह घोषणा की। श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रालय ने न केवल नई रेलगाड़ियां चलाने, बल्कि कई अन्य योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी काम किया है।

........................

श्री वैष्णव ने बताया कि 13 से 26 अक्टूबर तक यात्रा करने वाले और 17 नवंबर से पहली दिसंबर तक वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों को एक नई प्रायोगिक योजना के तहत कन्फर्म टिकट के साथ–साथ वापसी किराए में 20 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी।

........................

नई शिक्षा नीति के तहत देश का हर राज्य इंटीग्रेटेड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के साथ काम करेगा। इसके तहत प्रत्येक राज्य अपना प्रश्न–बैंक तैयार करेगा। इसी तरह नई शिक्षा नीति की पालना के जरिए विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन का खाका तैयार किया जाएगा। इस संबंध में अजमेर में चल रही पाँच दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कल तीसरे दिन बोर्ड समतुल्यता रिपोर्ट की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की।
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और एनसीईआरटी के परफॉरमेंस असेसमेंट रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डवलपमेंट (परख) की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न बोर्डों की समतुल्यता पर

आधारित रिपोर्ट, मूल्यांकन की अवधारणाएँ, मूल्यांकन के घटक, प्रकार, उपकरण और तकनीकों की गहन जानकारी दी गई। इंटीग्रेटेड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम–आईटीएमएस एक डिजिटल मंच है, जिसमें प्रश्न–पत्र निर्माण, मानकीकरण, मूल्यांकन, विश्लेषण और फीडबैक की संपूर्ण प्रक्रिया को एकीकृत किया गया है।

........................

राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम आरजीएचएस की मजबूती के लिए राज्य सरकार ने दिशा निर्देश जारी किये है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सरकार ने अधिसूचना जारी कर आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा विभाग को सौंपा है। योजना के संचालन और निगरानी को लेकर विभाग ने आवश्यक बदलाव किये है। नये निर्देशों के अनुसार अब आरजीएचएस की सभी पत्रावलियां राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्यारेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी। राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी योजना के समग्र क्रियान्वयन, संचालन और मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नियुक्त जिला नोडल अधिकारी ही आरजीएचएस योजना के भी जिला नोडल अधिकारी होंगे। ये अधिकारी ही जिले में योजना से सम्बन्धित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगे।

........................

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और बाड़मेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी का कल देर रात दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। आज उनकी पार्थिव देह बाडमेर लाई जायेगी। उनके निवास स्थान पर दर्शनार्थ पार्थिव देह को रखा जायेगा। इसके बाद जैसलमेर के मोहनगढ में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। गौरतलब है कि कर्नल सोनाराम चार बार सांसद और एक बार विधायक रहे। उनकी गितनी पश्चिमी राजस्थान के कद्दावर नेताओं में होती है।

........................

गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को राज्यभर में परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा। इससे पहले विभिन्न स्थानों पर गणेश महोत्सव आयोजित किये जा रहे है। अलग–अलग स्थानों पर कलाकारों, मूर्तिकारों और संगठनों ने गणेश प्रतिमाओं को आकार देना शुरू कर दिया है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मूर्ति निर्माता इस बार पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाएं गढ रहे है।

........................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। कल जयपुर सहित 15 शहरों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार भीलवाड़ा, करौली, सवाईमाधोपुर, टोंक, जयपुर, कोटा, चित्तौडग़ढ़, उदयपुर, श्रीगंगानगर, जालौर, डूंगरपुर, झालावाड़, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, राजसमंद और सिरोही में बरसात हुई। बांसवाडा में हो रही तेज बारिश से जलस्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। कल शाम को माही बजाज सागर बांध से अतिरिक्त पानी की निकासी की गई। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नदी किनारों और निचले क्षेत्रों में जाने से बचे। इस बीच जयपुर में दिनभर हल्के से मध्यम बादल छाए रहे। दोपहर बाद कुछ हिस्सों में छितराई बारिश देखने को मिली। इससे पारे में हल्की गिरावट दर्ज की गई। विभाग के अनुसार आज जयपुर, अजमेर, नागौर और आसपास के क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा और झालावाड के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। तेज बारिश का सिलसिला इस महीने के आखिरी सप्ताह मे शुरू होने के आसार है।

........................